प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.09.2023 अनन्त चतुर्दशी एवं ईद मिलादुन्नबी पर्व पर यातायात प्रबन्ध

दिनांकः–27.09.2023

- दिनांक 28.09.2023 को जोधपुर शहर में अनन्त चतुर्दशी पर्व मनाया जायेगा। इस अवसर पर परम्परागत रूप से भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन गुलाब सागर में किया जायेगा। शहर के सभी क्षेत्रों से श्री गणेश जी की प्रतिमाएं जालोरी गेट पर एकत्रित होना प्रारम्भ होगी। वहां से शोभायात्रा के रूप में रवाना होकर लाडजी का कुआं, सर्राफा बाजार, कटला बाजार, कन्दोई बाजार, घण्टाघर चौराहा, पन्ना निवास होते हुए गुलाब सागर पहुँचकर विसर्जित होंगी ।
- दिनांक 28.09.2023 को जोधपुर शहर में ईद मिलादुन्नबी का पर्व मनाया जायेगा। शहर के विभिन्न जगहों से जूलूस प्रातः रवाना होकर राजकीय उम्मेद स्टेडियम पर एकत्रित होगें। जूलूस के रूप में राजकीय उम्मेद स्टेडियम (पुराना स्टेडियम) से जुलूस के रूप में रवाना होकर गोराधाय छत्री, नई सड़क चौराहा, पुरी तिराहा, रेल्वे स्टेशन, ओलम्पिक तिराहा, ऑक्सफोर्ड स्कूल होते हुए जालोरीगेट ईदगाह पहुंचेगा। इस जुलूस के दौरान सम्पूर्ण रास्ते में जुलूस में शामिल वाहनों के अलावा अन्य सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन निषेध रहेगा। इस हेतु आवश्यकतानुसार यातायात का डायवर्सन निम्नानुसार किया जायेगा।

1. चौपासनी रोड से पावटा जाने वाले सभी वाहन 5वी रोड़ से सरदारपुरा सी रोड़, तारघर मोड़, न्यू डीआरएम खतरनाक पुलिया, रोटरी चौराहा, रिक्तिया भैरूजी चौराहा, जेडिए सर्किल, भास्कर चौराहा, रातानाडा पुलिस लाईन, ताराचन्द सर्किल के रास्ते डाईवर्ट किया जायेगा।
2. पावटा से चौपासनी रोड़ की ओर जाने वाले वाहन ताराचंद सर्किल, सर्किट हाउस, भाटिया चौराहा, वी.सी.सर्किल, पीडब्ल्युडी चौराहा, जेडीए सर्किल, भैरूजी चौराहा, डीआरएम खतरनाक पुलिया होते हुए जा सकेगें।
3. जालोरी गेट से नई सड़क, गोराधाय छत्री रोड़ के बीच समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन निषेध रहेगा।
4. जूलूस के दौरान जालोरी गेट से आडा बाजार की तरफ तथा हाथीराम का ओडा से घण्टाघर व आडा बाजार की तरफ वाहनों का प्रवेश पूर्णतया निषेध रहेगा।
5. लोडिंग टैक्सी व हाथठेलों का शहर के भीतरी भागों में जुलूस के दौरान प्रवेश पूर्णतया निषेध रहेगा।
6. मण्डोर रोड़ की तरफ से आने वाले छोटे वाहन **वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।**
7. शहर के अन्य मार्गो पर यातायात हमेशा की भांति सचालिंत होगी।

आमजन से अपील की जाती हैं कि बालवाहिनी , एम्बुलेन्स एवं आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता प्रदान करें व आमजन से अपील है कि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें।

आपके सहयोग की अपेक्षा में – यातायात पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर

27 Sept 23

(भोपालसिंह लखावत)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर

CamScanner